दिनांक 19.02.2019

स्वच्छ भारत अभियान　　　　　　　　　　　　　स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

कल होगी बाम्बे आवास नेहरु नगर की विडियोग्राफी

भिलाईनगर/निगम के बाम्बे आवास नेहरु नगर के अंतर्गत निर्मित आवासों के सर्वेक्षण एवं आबंटन की कार्यवाही की जांच विडियोग्राफी के माध्यम से प्रातः 10 बजे से की जावेगी। इस हेतु माननीय महापौर एवं आयुक्त द्वारा गठित समिति के समस्त अधिकारी स्थल पर मौजुद रहेंगे। नेहरु नगर के बाम्बे आवास में निर्मित 192 आवासों का परीक्षण कर इस बात का पता लगाया जायेगा कि आबंटी उसमें स्वयं निवासरत् है अथवा उसने अन्य किसी को किराये पर या अन्य तरह से दे रखा है। यह कार्यवाही बाम्बे आवास के पश्चात् रैश्ने आवास राधिका नगर एवं नेहरु नगर तथा आईएचएसडीपी आवास जुनवानी एवं नेहरु नगर तथा बाम्बे आवास अयप्पा नगर में भी की जावेगी। पूर्व में निगम द्वारा कराये गये सर्वेक्षण में इन समस्त क्षेत्रों में कुल निर्मित आवास 872 थे जिनमें से 566 में आबंटितों का स्वयं निवासरत् रहना पाया गया था और 306 में अन्य व्यक्ति निवास करते पाये गये थे। कल की जाने वाली कार्यवाही से इस बात का पता लग जायेगा कि किस आवास क्रमांक में कौन व्यक्ति निवास कर रहा है वह स्वयं इसका आबंटी है अथवा नहीं साथ ही विडियोंग्राफी के कारण निवासरत् व्यक्तियों को फोटो क्लिपिंग भी प्रमाणिकता के साथ प्राप्त की जा सकेगी। जिससे स्थल पर ही इस बात का फैसला हो जायेगा कि आवास का आबंटन जिसे किया गया वह वहां निवासरत् है अथवा नहीं। यह कार्यवाही 21 एवं 22 फरवरी को भी निगम के विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग योजनाओं में निर्मित आवासों के परीक्षण के लिए जारी रहेगी।

जोन आयुक्त को जारी निर्देश पर आयुक्त ने चिन्हित स्थलों पर नियमितिकरण एवं आबंटन की कार्यवाही स्थल पर ही कर लिये जाने हेतु विडियोग्राफर एवं अतिरिक्त आवश्यक कर्मचारियों की व्यवस्था करने निर्देश दिया है। गरीबों के लिए बनाये जा रहे आवासों के आबंटन और नियमितिकरण का अभिनव प्रयोग राज्य में पहली बार नगर निगम भिलाई के द्वारा किया जा रहा है जिससे इस प्रक्रिया की सभी विसंगतियों का निराकरण स्थल पर ही हो सकेगा और वास्तविक जरुरतमंद गरीबों को आवास की सुविधा देकर इनके निर्माण के शासन के लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सकेगा।